**प्रेस नोट** **दिनांक 25.05.2026**

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अलग-अलग स्थानों से अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। जिसका विवरण निम्नवत है।

**थानावार गिरफ्तारी का विवरण:**

1. थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा मु0अ0स0 78/2026 धारा 4/7/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित अभियुक्त मो0 आबिद पुत्र फखरुद्दीन नि0 मदनपुरा थाना दक्षिण टोला जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद नाजायज कारतूस 9 mm व एक अदद नाजायज चाकू के साथ नेशनल हाइवे पर स्थित भदेसरा के लिए कटे लिंक रोड पर बगीचे के पास से बरामद कर गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्त को नियमानुसार चालान न्यायालय किया गया।

2. थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 102/26 अन्तर्गत धारा 13 जुआ अधि0 थाना दोहरीघाट से संबंधित अभियुक्तगण 1. हरेन्द्र चौहान पुत्र स्व0 सुभाष चौहान निवासी चलिसवा थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ, 2. कौशल विश्वकर्मा पुत्र स्व0 दुधई निवासी बनियापार थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ, 3. राजन यादव पुत्र रामबचन निवासी जमुई थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ 4. देवानन्द चौहान पुत्र रामसुरत चौहान निवासी रसूलपुर थाना घोसी जनपद मऊ के कब्जे से 52 अदद ताश के पत्ते व माल फण्ड 730 रुपये के साथ मातेश्वरी धाम के पास जंगल के पास से बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्तो को नियमानुसार चालान न्यायालय किया गया।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान लगातार जारी है।

**जनपद मऊ पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड के मामलो में 01 पीड़ित को 28,841 /- रुपये की धनराशि वापस कराई गई–**

जनपद मऊ पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना घोसी पुलिस की साइबर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 01 पीड़ित की धनराशि वापस कराई गई।

थाना घोसी से प्राप्त साइबर फ्रॉड़ की शिकायतों के आधार पर साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर पोर्टल पर तत्काल कार्रवाई की गई

उक्त कार्यवाही के अंतर्गत जनपद के थाना घोसी से पीड़ित आवेदिका अर्चना चौहान पुत्री अमरनाथ चौहान निवासी भैरोपुर खुर्मा थाना घोसी जनपद मऊ को 28,841 /- रुपये उनके खाते में वापस कराया गया।
पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा OTP साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

**गुमशुदा 07 मोबाइल फोन (कीमत लगभग 2,30,000/- रुपये) बरामद कर उनके स्वामियों को किया गया सुपुर्द–**

पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में थाना साइबर क्राइम जनपद मऊ की पुलिस टीम द्वारा CEIR पोर्टल पर दर्ज 06 शिकायत का निस्तारण कर तत्काल तकनीकि सहायता कर आवेदक 01. आयुष्मान सिंह पुत्र भरत कुमार सिंह निवासी रामनगर कालोनी परदहा थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ, 02.नौसाद अहमद पुत्र इरशाद निवासी 9 हसन मक्खा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, 03.राम अवतार चौहान पुत्र राधे चौहान निवासी बडी रहजनिया थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, 4. विजय मिश्रा पुत्र श्रीकान्त मिश्रा निवासी ताजोपुर थाना सरायलखन्सी जनपद मऊ, 5. ज्योति कुमारी पत्नी रविशंकर सिंह निवासी पुलिस लाइन जनपद मऊ, 6.पवन कुमार मौर्य पुत्र राममुर्ति मौर्य निवासी सहादतपुरा गाजीपुर तिराहा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ, 7. जयप्रकाश पुत्र रामधारी निवासी बसारतपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ के कुल 07 मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त संबंधित को मोबाइल फोन वापस किया गया। मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थियों द्वारा मऊ पुलिस की सराहना की गई।

*मोबाइल का विवरण: –*

1. एक अदद मोबाइल IPHONE16 (कीमत 70,000/- रूपये) ।
2. एक अदद मोबाइल IPHONE11 (कीमत 60,000/- रूपये)।
3. एक अदद मोबाइल VIVO T4 LITE (कीमत 20,000/- रूपये)
4. एक अदद मोबाइल REALME 10 (कीमत 22,000/- रूपये)
5. एक अदद मोबाइल SAMSUNG GALEXY A04E (कीमत 21,000/- रूपये)
6. एक अदद मोबाइल VIVO T2 (कीमत 25,000/- रूपये)
7. एक अदद मोबाइल INFINIX (कीमत लगभग 12,000)

मऊ पुलिस आमजन से अपील करती है किं मोबाइल फोन गुम होने की स्थिति में तत्काल CEIR पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराये गुमशुदा मोबाइल की बरामदगी सुनिश्चित की जा सके तथा फाइनान्सियल फ्राड होने की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क करें जिससे त्वरित कार्यवाही कर फ्राड धनराशी को वापस कराया जा सके।

**पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में आज दिनांक 25.05.2026 को जनपद मऊ के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया-**

इस अभियान के अंतर्गत 39 टीम गठित कर जनपद के 44 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1300 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 714 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 01 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नही करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।

जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 25.05.2026 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री कमलेश बहादुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक मऊ श्री अनूप कुमार द्वारा थानाध्यक्ष रामपुर व भारी पुलिस बल के साथ रामपुर क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्र में रुट मार्च/पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

इस दौरान भ्रमण कर रोड के किनारे अतिक्रमण आदि बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, बस स्टैंड एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा।